उत्तराखंड में जल्द खुलेगा नैक का क्षेत्रीय कार्यालय

चर्चा में क्यों?

7 दिसंबर, 2022 को उत्तराखंड के देहरादून के डीआईटी कॉलेज में आयोजित उच्च शिक्षा चिंतन शिविर में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) बंगलूरू के निदेशक प्रो.एससी शर्मा ने उत्तराखंड में शीघ्र ही अपना क्षेत्रीय कार्यालय खोले जाने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की क्वालिटी फैक्ट सीट एवं उच्च शिक्षा पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया।
- चिंतन शिविर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई नए कार्य किये जा रहे हैं। नई शिक्षा नीति के माध्यम से युवा स्वयं नौकरियाँ देने वाले बन सकेंगे।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए नैक का क्षेत्रीय कार्यालय राज्य के साथ-साथ अन्य निकटवर्ती राज्यों के लिये भी बहुत बड़ा उपहार सिद्ध होगा।
- राज्य उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान को संसाधनों की उपलब्धता, फैकल्टी की तैनाती, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ एवं अन्य गतिविधियों के आधार पर राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा ग्रेडिंग दी जाएगी। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए निकट भविष्य में प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में नैक प्रशिक्षण की पाँच कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।
- इस अवसर पर राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने देश के तीन प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर भी किये। जिन संस्थानों के साथ करार किया गया, उनमें भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद, एडुनेट एवं अमृता विश्व विद्यापीठम शामिल हैं।
- भारतीय उद्यमिता संस्थान प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता, रोज़गार कौशल और गुणवत्तापरक शिक्षा में सहयोग प्रदान करेगा वहीं, एडुनेट के माध्यम से उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी को निःशुल्क तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि अमृता विश्व विद्यापीठम अपने मटेरियल साइंस केंद्र एवं वर्चुअल लैब के माध्यम से विज्ञान विषय में शोध एवं अन्य गतिविधियों में सहयोग करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/naac-regional-office-will-soon-open-in-uttarakhand